जनजाति बाहुल्य 32 ग्रामों में एक दिवसीय वृहद पशु चिकित्सा टीकाकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम

जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव, तहसील शहपुरा, जिला डिंडोरी द्वारा 32 ग्रामों में एकदिवसीय वृहद टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के मागदर्शन एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग जबलपुर संभाग के सौजन्य से 30 नवंबर 2022 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी 32 ग्रामों हेतु 5 सदस्यीय 27 समूह जिसमें पशु चिकित्सा, छात्रों एवं विशेषज्ञों को सम्मिलित रहे। प्रत्येक ग्राम हेतु एक दल तथा सभी ग्रामों के 6 जोन एवं जोनल अधिकारी को सभी ग्रामों हेतु कार्य विभाजन किया गया। उक्त कार्य हेतु वेटरनरी कॉलेज से टीम सुबह 7 बजे बरगांव के लिए अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा के नेतृत्व में रवाना हुई। इस पशु चिकित्सा शिविर में–

लाभान्वित ग्रामों की संख्या – 32

पशु चिकित्सक दल संख्या – 39, दलों में कुल सदस्य संख्या–150

टीकाकरण की पशु संख्या – 4774

पशु उपचार संख्या – 522

पशु शल्य क्रिया संख्या – 05

50 से 60 मिनरल मिक्सर का वितरण किया गया। वृहद पशु चिकित्सा शिविर में संयुक्त संचालक डॉ. विनोद बाजपेई, डॉ. सुनील कांत बाजपेई तथा डॉ. अनुकूल पाठक उपसंचालक का सहयोग रहा।

शिविर के अंत में सभी दलों के पशु चिकित्सक तथा छात्र–छात्राओं को मंचासीन अतिथि रिटायर्ड ब्रिगेडियर ए.पी. सिंह, जनजाति कल्याण केंद्र बड़गांव के अध्यक्ष मनोहर लाल साहू जी, संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. वी. के. बाजपेई, अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज आर.के. शर्मा, डॉ. आदित्य मिश्रा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को

सफल बनाने में सुनील नायक, डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉक्टर देवेंद्र गुप्ता, डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. मोहन सिंह डॉ. रणवीर जाटव, डॉ आनंद जैन, डॉक्टर सचिन जैन, डॉ. हरि आर, डॉ. मनीष जाटव, डॉ. अजय राय, डॉ. अनुजा तथा स्नातक चतुर्थ वर्ष, स्नातकोत्तर तथा पत्रोपाधि के छात्र–छात्राओं का योगदान रहा। समस्त प्रतिभागियों हेतु जलपान एवं भोजन व्यवस्था जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव द्वारा की गई।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर